# YUGANTAR PUBLIC SCHOOL

**Sample paper 2023-24**

Class :- IV **Subject :-Hindi** Time –3Hrs MM :-80

निर्देश **Date-**

**1.** सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।

**2.** स्वच्छता पर विशेष ध्यान दीजिए।

## खण्ड ( अ )

प्र 1) पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर पर ( √ ) का निशान लगाइए–( 5)

प्र1) विवेकानंद शिला स्मारक के पास ही तिरूवल्लुवर प्रतिमा है। यह तमिलनाडु के प्रसिद्ध संत और कवि की पत्थर से बनी विशाल मूर्ति है। इस प्रतिमा की ऊँचाई लगभग 133 फीट है। इसे देखने के लिए सैलानी दूर–दूर से आते हैं। कन्याकुमारी का सबसे बड़ा आकर्षण यहाँ का समुद्री संगम है।

क) विवेकानंद शिला स्मारक के पास किसकी प्रतिमा है ?

अ) गांधी जी ब) तिरूवल्लुवर स) भगतसिंह

ख) मूर्ति किस चीज़ से बनी है ?

अ) मिट्टी ब) रूई स) पत्थर

ग) प्रतिमा की ऊँचाई कितनी है?

अ) 122 ब) 133 स) 144

घ)इसे देखने के लिए कौन दूर –दूर से आते हैं ?


अ) सैलानी ब) परियाँ स) गाँववाले

ङ) कन्याकुमारी का सबसे बड़ा आकर्षण क्या है ?

अ) फूलों का बगीचा ब)समुद्री संगम स)खाना

प्र2) अपठित गद्यांश को पढ़कर सही (√ ) का निशान लगाइए –(5)

रविवार को आनंद अपने गाँव गया। आनंद अपनी माँ के साथ ताँगे पर बैठ कर गया। तभी आँधी आ गई। बूँदें भी गिरने लगीं। आनंद ने पहली बार आँवले के पेड़ और गेहूँ के खेत देखे। उसने पाँच ऊँट भी देखे।



वहाँ एक कुआँ भी था। तभी कुएँ के पास की झाड़ियों में से एक साँप निकला। साँप को देखकर आनंद ने डर कर आँखे मूँद लीं। साँझ होने से पहले आनंद अपने गाँव पहुँच जाना चाहता था।

क) रविवार को आनंद कहाँ गया ?

अ) गाँव ब) मेले स) बाजार

ख) आनंद किस पर बैठ कर गया था ?

अ) हाथी ब) ताँगे स) बस

ग) उसने पहली बार किसके पेड़ देखे थे ?

अ) आम ब) बेर स) आँवले

ध) आनंद ने कितने ऊँट देखे थे ?

अ) दस ब) पाँच स) दो

ङ) कुएँ की पास की झाड़ियों से क्या निकला ?

अ) खरगोश ब)कछुआ स) साँप

प्र3) सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए– ( 5)

क) वे यूनान की राजधनी ———————— में रहते थे । ( एथेंस /जापान )

ख) राजा ने इरोस को ——— की सज़ा सुनाई। ( कालापानी /फाँसी)

ग) क्रिस्टो को ————————में डाल दिया गया । ( जेल/पानी )

घ) रास्ते में उसकी नाव ———— में फँस गई । ( गड्ढे/तूफान )

ङ) लोग इरोस को ——— धोखेबाज़ कह रहे थे। ( छोटी/पवित्र )

व्याकरण खण्ड ( ब ) बहुविकल्पीय प्रश्न

प्र 4) प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर पर ( √ ) का निशान लगाइए– (15)

1) आज्ञा शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) जाना (ब) अनुमति (स) मानना ( द) बोलना

2) मात्रा किसे कहते है ?

(अ) व्यंजन (ब)स्वरों के चिह्न (स) वर्ण (द) वर्णमाला

3) सच शब्द का विलोम शब्द क्या होगा ?

(अ) झूठ (ब) सत्य (स) सच्चा (द) वचन

4) अंदर शब्द का विलोम शब्द क्या होगा ?

(अ) भीतर (ब) बाहर (स) आँगन ( द) घर

5) उदासी संज्ञा का कौन– सा रूप है ?

(अ) व्यक्तिवाचक (ब) समूहवाचक (स) भाववाचक (द) जातिवाचक

6) छात्र शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा ?

(अ) छात्रा (ब) लड़की (स) बालिका ( द) बाला

7) भाषा शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?

(अ) हिन्दी (ब) बोली (स) भाषाएँ ( द) देवनागरी

8) चुनौती शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) लड़ाई (ब) ललकार (स) गुस्सा ( द) चुनाव

9) शिला शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) बड़ा पत्थर (ब) पहाड़ (स)पुलिया ( द) रेत

10) सुकुमार शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

(अ) कठोर (ब) कड़क (स) कोमल (द) सुंदर

11) भाषा को शुद्ध रूप से लिखना और बोलना ———सिखाता है ?

(अ) व्याकरण (ब) संज्ञा (स) कहानी ( द) मात्रा

12) देवनागरी किस भाषा की लिपि क्या है ?

(अ) अंग्रेजी (ब) पंजाबी (स) उड़िया ( द) हिन्दी

13) शब्द के कितने भेद है ?

(अ) दो (ब) तीन (स) चार ( द) आठ

14) संज्ञा किसे कहते है ?

(अ) नाम वाले शब्द (ब) वचन (स) मौखिक ( द) विलोम

15) लड़का शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा ?

(अ) लड़की (ब) बेटा (स) बेटी (द) पुत्र

प्र 5) सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए– ( 5)

क) दादाजी अखबार पढ़——— । ( रहे हैं / रहा है )

ख) मेरे घर मेहमान ————— । ( आए हैं / आया है )

ग) ——— उड़ रही है । ( चिड़िया/चिड़ियाँ )

घ) बच्चे सो रहे ———। ( है। / हैं )

ङ) उस घर में दो —————— रहती है । ( लड़की / लड़कियाँ )

## खण्ड (स)

प्र 6) नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर उत्तर लिखिए– (कोई छह ) (12)

क) बहेलिया कहाँ रहता था और जंगल क्या करने जाता था ?

ख) बहेलिए ने तोते के बच्चों के साथ क्या किया ?

ग) कन्याकुमारी किस राज्य का शहर हैं ?

घ) रानी चेन्म्मा को किस बात के लिए याद किया जाता है ?

ङ) रानी चेन्म्मा को किसका शौक था ?

च) दोनों की दोस्ती देखकर राजा ने क्या कहा ?

छ) अली और गुलाब कौन थे ?

ज) कन्याकुमारी को कितने महासागरों ने घेरा हुआ हैं?

प्र7) कविताओं के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (10)

क) अंत में चिड़िया को क्या समझ में आया ?

ख)चिड़िया का गीत कविता में चिड़िया हमसे क्या कहना चाहती है?

ग) आकाश में किसकी लाली छाई है ?

घ) कमल की पंखुड़ियों के ऊपर क्या मँडरा रहे हैं ?

ङ) माँ बेटे को क्या कहकर जगा रही है ?

प्र 8) नीचे दिए गए शब्दों के वाक्य बनाकर लिखिए– ( 3)

क) परिवार –

घ) समय–

ग) शंख –

प्र 9) क) किन्हीं चार पानी में रहने वाले जीवों के नाम लिखिए– ( 4)

ख) किन्हीं चार फल देने वाले पेड़ों के नाम लिखिए–

ग) किन्हीं दो समुद्र में पाई जाने वाली चीज़ों के नाम लिखिए–

## खण्ड ( द )

प्र10) अनुच्छेद लिखिए – (6)

क) चिड़िया ख) रक्षाबंधन ग) तोता

प्र11) अपने प्राचार्य महोदय को चार दिनों की छुट्टी का (5)
आवेदन पत्र लिखिए ।

प्र12) नीचे दिए गए चित्र को देखकर वर्णन कीजिए– (5)

